Naidunia 22-08-2018

EDUCATION PLUS

शहर के स्टूडेंट्स ने बनाया स्मार्ट डस्टबिन नमी के आधार पर अलग कर देता है कचरा

इंदौर। आईआईटी खड़गपुर द्वारा आयोजित दूसरी इंडियन नेशनल एकेडमी ऑफ इंजीनियरिंग यूथ कॉन्क्लेव स्वच्छ भारत अभियान थीम पर आयोजित की गई। इसमें शहर की टीम ने स्मार्ट डस्टबिन बनाकर राष्ट्रीय स्तर पर तीसरा स्थान प्राप्त किया। कॉन्क्लेव में देशभर के संस्थानों से आई 35 टीमों ने हिस्सा लिया था। इसमें आईपीएस एकेडमी के इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड साइंस के केमिकल इंजीनियरिंग विभाग के स्टूडेंट्स के स्मार्ट डस्टबिन को तीसरा पुरस्कार मिला। हर्ष अजमेरा, प्रखर पांडे, मोहक माहेश्वरी, पयोधी चांडक, शुभम जोशी और अलिशा मंसूरी की टीम ने ऐसा स्मार्ट डस्टबिन बनाया जो सूखा, गीला और मेटलिक कचरा ऑटोमेटिक अलग कर सकता है। टीम के अनुसार यह देश का पहला ऐसा स्मार्ट डस्टबिन है जिसमें मॉइश्चर पर

आधारित कचरे को सेंसर के जरिए अलग-अलग किया जा सकता है। इसके पहले मार्च में प्री-कॉन्क्लेव में देशभर से 7.5 हजार एंट्री आई थीं। इसमें टीम को दूसरा स्थान मिला था। फाइनल कॉन्क्लेव तक 35 टीमें ही पहुंची थीं। आईपीएस एकेडमी के अध्यक्ष आर्किटेक्ट अचल चौधरी, प्रिंसिपल डॉ. अर्चना कीर्ति चौधरी, केमिकल विभाग के एचओडी प्रो. राजेश कुमार कौशल ने विजेता टीम को बधाई दी।